DATE :- 15-05-2026

RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-04, SURAT

6.5 किमी ट्रैक और सात स्टेशन तैयार, नॉर्थ-साउथ के बाद अब दूसरे कॉरिडोर की टेस्टिंग

सूरत मेट्रो रेल का 75% काम पूरा, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर ट्रायल रन शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट अब तेजी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। करीब 12,020 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट में अब तक 75 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। इसी क्रम में ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर 6.5 किलोमीटर लंबे ट्रैक और सात स्टेशनों का स्ट्रक्चर तैयार होने के बाद ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। पूरी परियोजना के तहत कुल 40.35 किलोमीटर लंबे दो कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें 38 स्टेशन और ड्रीम सिटी व भेसाण में दो डिपो शामिल हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट को शहर की भविष्य की परिवहन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक सफर की सुविधा मिल सके। इससे पहले कॉरिडोर-1 (नॉर्थ-साउथ) में ड्रीम सिटी से अलथाण टेनामेंट के बीच 8.5 किलोमीटर सेक्शन पर 29 मार्च 2026 से ट्रायल रन शुरू किया गया था। उस कॉरिडोर पर भी विभिन्न तकनीकी परीक्षण लगातार जारी हैं। अब कॉरिडोर-2 पर ट्रायल रन शुरू होने के साथ प्रोजेक्ट ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। ट्रायल के दौरान मेट्रो ट्रेन को करीब 500 घंटे तक चलाकर विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। यह परीक्षण गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और गुजरात इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स की निगरानी में किए जा रहे हैं। इसके बाद आरडीएसओ और अन्य नियामक एजेंसियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा, जबकि अंतिम सुरक्षा मंजूरी कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी की ओर से दी जाएगी।

ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर गुरुवार से शुरू किया गया ट्रायल रन।